अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

रामपुर: एकांत में बने मकान में नकली शराब बनाते तीन गिरफ्तार, दो फरार

रामपुर/भोट, अमृत विचार। पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर ब्रांडेड कंपनी की नकली शराब बनाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से मुख्य आरोपी व उसका साथी फरार होने में कामयाब हो गए।

टीम ने मौके से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की नामी कंपनी की नकली शराब की बोतलें, खाली बोतलें, ढक्कन और रैपर व एक कार बरामद की है। बरामद नकली शराब की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मौके से गिरफ्तार किए तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से उनको जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार दोपहर बाद भोट थाने में पत्रकार वार्ता में बताया कि मंगलवार सुबह को थानाध्यक्ष निशा खटाना के नेतृत्व में थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली थी कि क्षेत्र के अलीपुर ठेका के मझरा मे एकान्त मकान में अवैध रूप से नकली शराब बनाने का कार्य किया जा रहा है। नकली शराब बनाये जाने की सूचना पर थाना पुलिस ने मामले की जानकारी आबकारी टीम को दी। सूचना पर आबकारी विभाग की टीम भी भोट थाने पहुंच गई।

दोपहर में थाना पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के अलीपुर ठेका के मझरा गांव स्थित एकान्त में बने मकान की घेराबंदी कर छापा मारा। अचानक पुलिस टीम को देख मौके पर अवैध रूप से शराब बना रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से भाग रहे बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज निवासी जगरूप सिंह,उत्तराखंड के थाना ट्रांजिट कैंप के आदर्श इंद्र बंगाली कालोनी निवासी सौरब मिस्त्री व शंकर राय को गिरफ्तार कर लिया।

मौके से मुख्य आरोपी दीपक यादव व बलजीत पुलिस टीम को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गए। इस दौरान संयुक्त टीम ने मौके से 63 पेटियों में भरे 2859 पव्वे अपमिश्रित शराब सोल्जर मार्का,35 लीटर स्प्रिट,पांच लीटर कैरामल,389 खाली पव्वे,3830 एमडी बाजपुर डिस्टलरी के ढक्कन, एक किलो यूरिया व एक होंडा सिटी कार तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद कर लिये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ आबकारी आधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों का चालान किया जा रहा है।

ऑर्डर पर जिले से बाहर सप्लाई की जाती थी नकली शराब
नकली शराब बनाने की सूचना पर छापेमारी करने वाली पुलिस टीम की प्रभारी व थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि मौके से फरार हुए दीपक यादव व बलजीत ही नकली शराब बनाने के कारोबार के कर्ताधर्ता व मुख्य आरोपी है।

वहीं उत्तराखंड व प्रदेश के अन्य जिलों से शराब का ऑर्डर लाते थे तथा आर्डर मिलने पर ही रात में एकांत में बने मकान में छिपकर ऑर्डर के अनुसार ही अनुसार ही शराब, नकली बोतलें , रेपर,ढक्कन व पेटी आदि लाते थे। रात में ही शराब की पैकिंग कर सुबह होने पर कार में भरकर शराब की सप्लाई उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के अन्य जिलों को की जाती थी।

पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार का इनाम दिये जाने की घोषणा
थाना पुलिस द्वारा भारी मात्रा में नकली शराब बरामद करने के साथ ही मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने पर गिरफ्तार करने वाली थाना पुलिस की टीम की सराहना करते हुए टीम को पच्चीस हजार रूपये का नकद इनाम दिये जाने की घोषणा की है।

Source: https://www.amritvichar.com/article/472808/rampur-three-arrested-for-making-fake-liquor-in-a-secluded#gsc.tab=0